## संक्षिप्त

### अवैध शराब बेचने वाला मुल्जिम गिरफ्तार

**कोटपूतली।** निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये एक मुल्जिम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 लीटर अवैध हथकड़ देशी शराब जप्त की है। विगत बुधवार 07 मई को लोकल स्पेशल एवं विशेष अधिनियम के तहत सरुण्ड थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर महरमपुर राजपूत बावरियों की बस्ती में पहुँचकर राजस्थान आबकारी अधिनियम में कार्यवाही करते हुये अवैध देशी हथकड़ शराब ले जाते हुये मुल्जिम के कब्जे से 02 लीटर अवैध देशी हथकड़ शराब जप्त कर मुल्जिम जगदीश पुत्र डेढ़ाराम बावरिया निवासी बावरियों की ढ़ाणी तन महरुमपुर राजपूत थाना सरुण्ड को गिरफ्तार कर प्रकरण आबकारी अधिनियम में दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया है।

### बातों में उलझाकर दो बदमाश ले गए सोने की अंगूठी

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में बातों में उलझाकर दो बदमाश एक युवक से सोने की अंगूठी उतरवा कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार नगर निगम रोड सांगानेर निवासी विनय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि घर से कुछ दूर सड़क पर खड़ा था इसी दौरान दो बदमाश आए और एक कम्पनी का प्रचार करने की बात कहीं। प्रचार के माध्यम से बदमाशों ने उसे बातों में उलझा लिया और उसकी अंगूठी उतरवा ली। इसके बाद आरोपी उसे झांसा देकर अंगूठी ले गए। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार चालक ने किया छात्रा के अपहरण

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में कार चालक ने एक युवती के अपहरण का प्रयास किया। इस पर युवती ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर लोकेशन के आधार पर चालक को दबोच लिया। पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार यूपी निवासी आंचल मौर्या मामला दर्ज करवाया कि वह वनस्थली विद्यापीठ में पढ़ती है और वहीं पर हॉस्टल में रहती है। 5 मई को जयपुर आने के लिए वह वनस्थली मोड से एक कार में सवार हो गई। कार में पहले से दो यात्री सवार थे। रास्ते में दोनों सवारियां उतर गई तो चालक उसे टोंक रोड की बजाय कहीं अन्यत्र ले जाने लगा। पीडिता ने सूझबूझ दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने लोकेशन के आधार पर कार का पीछा कर सेक्टर 35 मालपुरा गेट के पास रोक लिया और चालक को गिरफ्तार किया गया है।

### राजकीय बालिका संस्कृत विधालयों को किया क्रमोन्नत

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दो संस्कृत विधालयों (बालिका) को क्रमोन्नत किया है। विधायक पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम रामसिंहपुरा व पुरूषोत्तमपुरा स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विधालय (बालिका) को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विधालय (बालिका) में क्रमोन्नत किया है। इस पर पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि संस्कृत शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं को इसका बेहद लाभ मिलेगा। उन्हें संस्कृत के उच्च अध्ययन के लिये अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही बालिकाओं में संस्कृत शिक्षा के प्रति रूझान भी बढ़ेगा।

### मंडल कार्यकारिणी का गठन

**अलवर ।** भाजपा अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की सहमति से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष -भगवान सैनी (रामगढ़) एवम मंडल अध्यक्ष - योगेंद्र शर्मा (गोविंदगढ़ )ने अपनी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे महामंत्री 2,उपाध्यक्ष व मंत्री 6-6 तथा 1 कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई।

# अस्पताल में जनप्रतिनिधियो ने की भवन बनाने व सोनोग्राफी मशीन लगाने की मांग



प्राथमिक चिकित्सा केंद्र उमरैण का औचक निरीक्षण करते हुए।

■ असिस्टेंट डायरेक्टर ने मालाखेड़ा, अकबरपुर तथा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र उमरैण का निरीक्षण किया

**अलवर ।** असिस्टेंट डायरेक्टर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ा, अकबरपुर तथा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र उमरैण का औचक निरीक्षण किया। जहां चिकित्सकों की कमी की शिकायत मिली। वही उनके समक्ष मालाखेड़ा अस्पताल में भवन बनाने तथा सोनोग्राफी मशीन लगाने की मांग जनप्रतिनिधि तथा मीडिया की ओर से की गई। गुरुवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर के असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश पारीक, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश बैरवा, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा, सरपंच प्रतिनिधि भारत चौधरी अन्य चिकित्सा स्टाफ निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ा अकबरपुर में ऑक्सीजन सेंटर, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच केंद्र, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना कक्ष, आउटडोर ,इंडोर, -रे रूम, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम जच्चा बच्चा वार्ड,का सघन निरीक्षण कर चेकिंग किया गया। मालाखेड़ा अस्पताल में निरीक्षण के पश्चात एडवोकेट भारत चौधरी तथा मीडिया की ओर से अवधेश सिंह ने एडिशनल डायरेक्टर जयपुर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दिनेश पारीक को बताया कि इस अस्पताल में 13 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है। जिसमें से आधे पद रिक्त हैं। जहां विशेष रोग विशेषज्ञ के पद रिक्त हैं। तथा सोनोग्राफी की मशीन नहीं है। इस अस्पताल के अधीन करीब 60 से अधिक गांव के लोग रोग उपचार करवाने आते हैं। जिन्हें चिकित्सक व भवन के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जहां आउटडोर हमेशा 500 के पार रहता है। भवन भी अपर्याप्त है। एडिशनल डायरेक्टर दिनेश पारीक ने बताया अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां व्यवस्थाएं ठीक पाई गई है।

साफ सफाई वार्ड में ठीक है। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों ने सोनोग्राफी मशीन, अतिरिक्त भवन बनाने, व चिकित्सकों के रिक्त पद भरने के लिए मांग उठाई है। जिसका प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा जाएगा। और जल्दी ही समस्या हल की जाएगी। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी लोकेश मीणा ने बताया जयपुर से अलवर जिले के नोडल अधिकारी एडिशनल डायरेक्टर दिनेश पारीक व उपमुख् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश बैरवा पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण किया तथा जो समस्याएं थी उसे यहां के जनप्रतिनिधि और मीडिया ने अवगत कराया। समस्या जल्दी ही हल होने की संभावना है। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर महेश चंद्र बैरवा ने बताया कि हाल ही में सरकार नए डॉक्टर की भर्ती कर रहे हैं। जिसमें करीब प्रदेश भर में 1700 नए चिकित्सक नियुक्त किए जाएंगे। जहा मालाखेड़ा अकबरपुर उमरैण में रिक्त पद भरने के प्रयास रहेंगे।

# पुलिस ने डीपों की बस से 3500 किलोग्राम नकली सिंथेटिक मावा बरामद किया

■ नकली मावा अलवर से लाया गया है, कोतवाली पुलिस निगम की बस के चालक एवं परिचालक से पुछताछ कर ही है

**दौसा।** दौसा कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए राजस्थान राज्य परिवहन निगम सवाईमाधोपुर डीपों की बस से 35 सौ किलोग्राम नकली सिंथेटिक मावा बरामद किया है। नकली मावा अलवर से लाया गया है, कोतवाली पुलिस निगम की बस के चालक एवं परिचालक से पुछताछ कर ही है। उधर कोतवाली पुलिस की सूचना पर खाद्य निरीक्षक प्रकाश चंद सैनी मौके पर पहुंचे व प्रारंभिक जांच में मावा नकली होने की संभावनाओं के चलते मावा का सैम्पल लेकर बरामद मावा को कोतवाली में रखवा दिया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा को काफी समय से अलवर से नकली मावा दौसा में सप्लाई होने की सूचना मिल रही थी। पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने सूचना की सत्यता की जांच कराये जाने के बाद दौसा कोतवाल सुधीर उपाध्याय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार की सायं अलवर से सवाईमाधोपुर जा रही निगम की बस नं. आरजे 25 पीए 4189 को आगरा-जयपुर बस स्टैण्ड पर रुकवाया तथा सवारियों की बस से नीचे उतारवाने के बाद बस की जांच की गई तो आगे की सीटों के नीचे भरे हुये 5 कट्टे एवं 6 कार्टन रखे हुये थे। कोतवाली पुलिस ने इनके बार में परिचालक एवं चालक से जानकारी चाही तो दोनो की संतोषजनक जवाब नही दे पाये। इस पर कोतवाली पुलिस ने एक कार्टन की सील का हटाकर देखा तो वे मावे से भरे हुये थे। कोतवाली पुलिस ने तत्काल रसद विभाग एवं चिकित्सा विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के साथ ही चिकित्सा विभाग के खाद्य निरीक्षक प्रकाश चंद सैनी मौके पर पहुंचे तथा प्रारंभिक जांच में मावा नकली होने की संभावना जताये जाने के साथ ही कोतवाली पुलिस ने निगम की बस से 6 कार्टन एवं 5 कट्टो में भरा मावा जब्त कर कोतवाली लेकर पहुंची तथा जब्ती की कार्रवाही की। भारी मात्रा में अलवर से आता है नकली मावा: सूत्रों ने बताया कि प्रतिदिन अलवर से विभिन्न साधनों के माध्यम से नकली मावा दौसा सहित आसपास के जिलों में सप्लाई हो रहा है। इन दिनी शादियों का सीजन होने के कारण नकली मावा की खेफ ज्यादा ही आ रही है। मुखवीर द्वारा इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सागर साणा एवं पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा की दो दी गई। पुलिस ने आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े मामले को गंभीरता से लेते हुये तत्काल टीम का गठन कर नकली मावा बरामद किया है। चिकित्सा विभाग को भी है जानकारी: दौसा सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में नकली मावा एवं दूध सप्लाई हो रही है, इसकी जानकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को होने के बावजूद वे कार्यवाही से कतरा रहे है। दौसा की अधिकांश दूकानों पर नकली मावा ही सप्लाई हो रहा है। चिकित्सा विभाग त्यौहारों के सीजन में कुछेक प्रतिष्ठानों से सेम्पल कर कार्यवाही को अंजाम दे देता है, विभिन्न त्यौहारों पर लिये गये सैम्पलो की जांच रिर्पोट बकाया चल रही है।

खाद्य निरीक्षक प्रकाश चंद सैनी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मावा नकली प्रतीत हो रहा है। सैम्पल ले लिया गया है, जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। फिलहाल मावा कोतवाली में रखवा दिया गया है। कोतवाल सुधीर उपाध्याय ने बताया कि अलवर से दौसा भारी मात्रा में नकली मावा निगम की बसे में लाये जाने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर निगम की बस की तलाशी ली गई तो उसमें कार्टन एवं प्लास्टिक कट्टी में मावा भरा हुआ था। रसद विभाग को सूचना दी गई, सैम्पल ले लिये गये है तथा मावा जप्त कर लिया गया है।

## रीट परीक्षाओं में विधार्थियों ने लहराया परचम

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान के विधार्थियों ने गुरूवार को आये राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा के परिणामों में बेहद उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुये सफलता का परचम लहराया है। अध्ययनरत 130 से अधिक विधार्थियों ने बेहद अच्छे अंकों के साथ रीट परीक्षाओं को उत्तीर्ण किया है। संस्थान के चौयरमैन शंकर लाल कसाना ने सभी विधार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी। साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की। वहीं निदेशक इंजी. विक्रम कसाना व इंजी. योगेश चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि संस्थान के विधार्थियों ने इस वर्ष भी सफलता के क्रम को जारी रखते हुये बेहद शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सफलता हांसिल करने वाले विधार्थी जल्द ही राजकीय सेवाओं में अपना स्थान पक्का करेगें। वहीं स्टॉफ सदस्य राकेश शर्मा, सुदीप चौधरी, अमित शर्मा, प्रमोद यादव, गणेश चौधरी, महेश कुमार, मुकेश चौधरी, अंकुर शर्मा, सोहन यादव आदि ने भी विधार्थियों को बधाई दी।

# धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

■ दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में लगेगा शिविर




पोस्टर का विमोचन करते हुए महासमिति संभाग पदाधिकारी।

**निवाई।** आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में नसियां जैन मंदिर पर दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल एवं ईकाई के तत्वावधान में दस दिवसीय संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महासमिति संभाग संरक्षक महावीरप्रसाद पराणा, अध्यक्ष हुकमचंद जैन, मंत्री विमल जौंला, सुनिल भाणजा, एडवोकेट रवि जैन महिला अध्यक्ष शशी सोगानी, मंत्री शकुंतला छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मेना जैन, प्रियंका पराणा, अंजना जैन, सलोनी जैन व मीनाक्षी भाणजा ने धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर के पोस्टर का विमोचन किया एवं महासमिति के पदाधिकारियों ने भगवान शांतिनाथजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं श्रीफल चढाकर शिविर की सफलता के लिए अनुनय विनय की। महासमिति ईकाई की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि आगामी 18 से 27 मई तक बच्चों एवं वरिष्ठजनों के लिए धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। महासमिति महिला ईकाई के पदाधिकारियों द्वारा धार्मिक शिक्षण दिया जाएगा।

## सर्वजातीय निशुल्क विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**टोंक।** सेवा भारती समिति टोंक द्वारा संत महामंडलेश्वर डॉ. मनीषदास, सन्त दूधिया बालाजी रामजी महाराज रामद्वारा, संत प्रभुदास, कबीरपंथी व डॉ.पण्डित पवन सागर के सानिध्य में श्री राम जानकी सर्वजातीय निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें ताल कटोरा स्थित सैंट सोल्जर विद्यालय में पंद्रह जोड़ो का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ।

जिला मंत्री रोहिताश व कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भव्य झांकियों व बेंड बाजो की मधुर धुन पर बारात शोभायात्रा घंटाघर व मुख्य बाजार से होते हुए सवाईमाधोपुर चौराया होकर विवाह स्थल तक निकाली गई। जहां शोभायात्रा को सभी जातियों व बिरादरी द्वारा मार्ग में पुष्पवर्षा व जलपान कराकर भव्य स्वागत किया गया। सुरेन्द्र गुप्ता मीडिया प्रभारी व बजरंग लाल यादव नगर मंत्री, प्रशांत बुन्देल प्रचार मंत्री ने बताया कि बारात शोभायात्रा में केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिलाप्रमुख सरोज बंसल,पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, नरेश बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, क्षेत्रीय सेवा प्रमुख शिवलहरी, प्रचारक मूलचन्द, द्वारकाप्रसाद, गिरधारी प्रान्त मंत्री सेवाभारती, महेश गोयल, अरुण शुक्ला महिला मण्डल प्रमुख, पुरुषोत्तम जिला संघचालक, लक्ष्मण जिला प्रचारक, महेन्द्र विजय, व्यवस्थापक गोविन्द सोनी, रामप्रसाद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, बीना छामुनिया, संजय संघी, विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला भाजपा के कार्यकर्ताओ के साथ सेवा भारती के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता, विधा भारती के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता इत्यादि इस शोभायात्रा में मौजूद रहे। सभी आगुन्तक अतिथियो व गणमान्य लोगों ने उचित व्यवस्थाओ को लेकर प्रशंसा की।

# कथा में कार्तिकेय व गणेश भगवान की उत्पत्ति की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर



वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने भगवान कार्तिकेय व भगवान गणेश की उत्पत्ति की कथा सुनाई।

**पावटा।** प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर पावटा परिसर में बंसल परिवार की देखरेख एवं मंदिर महंत रामकरण पुजारी, गोविंद पुजारी, राहुल पुजारी, विकास पुजारी के सान्निध्य व नरसिंह मंदिर कमेटी, आदर्श रामलीला मंडल पावटा एवं बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य से श्री नृसिंह मंदिर पावटा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन गुरुवार वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने भगवान कार्तिकेय व भगवान गणेश की उत्पत्ति की कथा सुनाई।

विघ्नहर्ता भगवान गणेश व कार्तिकेय के उत्पत्ति की कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने शिवमहापुराण की कथा सुनाते हुए श्रोताओं को बताया कि भूतभावन भगवान भोलेनाथ का तेज जब पृथ्वी पर गिरा तो पृथ्वी व्याकुल हो गई। पृथ्वी को व्याकुल देख भगवान शिव के तेज को अग्नि ने खा लिया।ऋषियों की छ पत्नियों ने अग्नि को तप करके पा लिया। चूंकि शिव के तेज को अग्नि ने खा लिया था इसलिए ऋषियों की पत्नियां भी उस तेज को सहन न कर पाईं और गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया।

मां गंगा भी भगवान का तेज नहीं सहन कर सकीं तब उन्होंने किनारे पर उगे हुए सरकंडों यानि सरपत मे भगवान शिव के तेज को फेंक दिया नदी किनारे फेंके गए उसी तेज से भगवान शिव के बड़े पुत्र स्कंद भगवान की उत्पत्ति हुई। चूंकि भगवान स्कंद का पालन पोषण छ कृतिकाओं ने किया इसीलिए कृतिकाओं द्वारा पालन पोषण किये जाने के कारण ही आगे चलकर इनका नाम भगवान कार्तिकेय पड़ा। विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की उत्पत्ति के विषय में आचार्य जी ने श्रोताओं को कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान गणेश जी का जन्म माता पार्वती जी के शरीर के मैल हुआ है। भगवान गणेश जी का सिर भगवान शिव जी ने काट डाला था।पुत्र का सिर अपने पति द्वारा काट डालने से जब पार्वती अत्यधिक क्रोधित हो उठीं तब भगवान शिव ने हाथी का सिर काटकर भगवान गणेश जी के धड़ में लगा दिया। गोपाल सुवेदी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को विशेष बात यह बताई कि गणेश जी का वास्तविक सिर चंद्रदेव अपने पास उठा ले गए। इसी कारण गणेश चतुर्थी का व्रत करने पर माताओं के द्वारा चंद्रमा का दर्शन करके अर्ध्य देने की परंपरा बनी है।

## सार-समाचार

### पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में बेसहारा पशुओं का आतंक

**पावटा।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में बेसहारा पशुओं ने भरे सर्विस रोड पर गुरुवार की सुबह उत्पात मचाया। यहां दो सांडों के बीच लड़ाई करीब 10 मिनट तक चली। इनकी लड़ाई का खौफ इतना था कि पास खड़े सभी लोगों की बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं हुई। दो सांडों की पावटा कस्बे में सर्विस रोड में करीब 10 मिनट तक चली इस लड़ाई से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान काफी अफरातफरी का माहौल बना रहा। इस बीच पांच से छह लोगों ने लाठी-डंडों के साथ आवारा पशुओं को भगाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद लोग पशुओं को भगाने में कामयाब रहे। गनीमत रही कि इस घनाक्रम में किसी को चोट नहीं लगी। हर बार नगरपालिका चुनाव में बेसहारा पशुओं का मुद्दा सबसे ऊपर होता है। चुनाव के समय बेसहारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने के कई वायदे किए गए थे, लेकिन धरातल पर बेसहारा पशु गोशाला में नहीं, बल्कि सड़कों पर आतंक मचाते नजर आ रहे हैं। रोजाना लोग हादसे का शिकार होते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि पावटा कस्बे में बेसहारा पशुओं ने आतंक मचाया हो। शहर में बेसहारा पशुओं के सड़कों पर घूमने से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेसहारा पशुओं के सड़कों पर घूमने से हादसों का भी डर बना रहता है। पहले भी इनकी वजह से कई हादसे हो चुके हैं। इनकी आपसी लड़ाई में कई बार वाहन चालक भी इसका शिकार हो चुके हैं। शहर में अनेक स्थानों पर सड़कों पर बेसहारा पशुओं की टोलियां घूमती रहती हैं। इससे आमजन और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई युवक, बच्चे, महिलाएं व वाहन चालक इनके कारण हादसों का शिकार हो चुके हैं। हर समय सड़कों पर इनकी टोलियां बनी रहती है। इन सबके बावजदू बेसहारा पशुओं के आगे सरकार और प्रशासन बेबस नजर आ रहा है।

### महंत मोहनदास महाराज की चादरपोसी कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** आंतेला कस्बे के पास नीलकाधाम मंदिर में बुधवार को महामंडलेश्वर रामदास, औकारदास, सुरजनदास सहित सत्ताइसा क्षेत्र के संतों के सान्निध्य में बुधवार को मोहनदास महाराज का चादरपोशी समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान चादरपोशी समारोह में सत्ताइसा मंडल, खेडकी धाम महंत मानदास, जयसिंहपुरा नृसिंहधाम महंत सुरजनदास, बागावास अहिरान ठाकुरजी मंदिर महंत औंकारदास, कुंडाधाम के सुरेशदास, बडनगर के महंत ज्ञानदास, महंत प्रहलाद दास, संत लक्ष्मणदास सहित पांचों मंडलों के सैकड़ों साधु-संतों और ग्रामीणों की मौजूदगी में संत मोहनदास की चादरपोशी की गई। इस समारोह के दौरान उपस्थित संतों ने आर्शीवचन कहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर, युवा नेता आशीष धनखड़, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, पूर्व प्रधान सुवालाल यादव, पूर्व प्रधान महादेव यादव, कन्हैयालाल, जिला पार्षद हरफूल कसाना, कैरली सरपंच रामजीलाल यादव, आंतेला सरपंच जयराम नागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, कांग्रेस सेवादल के जिला उपाध्यक्ष रोशनलाल सैनी, पूर्व सरपंच रमेश यादव, पूर्व सरपंच रामेश्वर यादव, जिला संयोजक महेश सैनी सहित कई जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुओं ने चादरपोशी रस्म अदायगी में मौजूद रहे । इस दौरान संत रामदास के सान्निध्य में भण्डारे को लेकर सेवादार जुटे रहे। भाबरू थाना प्रभारी जयप्रकाश, विराटनगर थानाप्रभारी सोहनलाल के निर्देशन में एएसआई भोलाराम, हैड कांस्टेबल संदीप यादव, सतपाल सिंह सहित कई पुलिसकर्मियों का जाब्ता तैनात रहा। आंतेला सीएचसी प्रभारी डॉ. सत्यनारायण स्वामी के निर्देशन में चिकित्सा टीम ने सेवाएं दी। इस मौके पर संतो को भेंट देकर सम्मानित किया गया साथ ही भंडारे में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

### निःशुल्क कोचिंग की मैरिट सूची जारी

**कोटपूतली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए सत्र 2024-25 हेतु विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं में निःशुल्क कोचिंग किये जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रोविजनल मैरिट सूची जारी कर विभागीय जिलाधिकारियों से अभ्यर्थियों की पात्रता एवं उनके आवेदन में अपलोड किये गये दस्तावेजों के सत्यापन जांच उपरान्त जिलाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किये गये आवेदन पत्रों के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की मुख्य मेरिट सूची जारी की जा चुकी है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सत्र 2024-25 हेतु जारी की गई मुख्य मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के संशोधित नवीनतम विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया (21178 दिनांक 15.11.2024) के अनुसार मुख्य मेरिट सूची जारी होने के उपरान्त अभ्यर्थियों को 10 दिवस के भीतर कोचिंग संस्थान में ज्वॉइन किये जाने का प्रावधान है। अत: मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत सत्र 2024-25 हेतु जारी मुख्य मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी प्रदर्शित कोचिंग संस्थान के प्रदर्शित कोचिंग सेन्टर पर अपनी सुविधानुसार कोचिंग संस्थान में दिनांक 11 मई 2025 तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते है।

### मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**छीपाबडोद।** थाने में एक युवक की मृत्यु के मामले में परिजनों,भीम आर्मी ओर समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की वहीं न्यायिक जांच ओर मुआवजे को लेकर जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ओर एसपी राजकुमार चौधरी को ज्ञापन सोपा। गोरतलब हे कि परिजनों की ही रिपोर्ट पर शान्तिभंग की धारा में गोरधनपुरा निवासी हरिश पुत्र मोहनलाल वाल्मिकी को पुलिस ने पकडा था जिस पर रात्रि को तबियत बिगडने के कारण उसे चिकित्सालय में भर्ती कराया था,सवेरे थाने में उसकी तबीयत बिगडी अज्ञात कारणों से उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, असहमति दिन भर बनी रही।घटना की सूचना मिलने पर जिले के आला अधिकारियों ओर पुलिस जाप्ता ने स्तिथि को काबू में किया। पूर्व बीईईओ ओर कांग्रेस नेता प्रेमसिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नारेबाजी की गई। वहीं दूसरी ओर डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि घटना में मृग दर्ज कर शव का की पूरी न्यायिक जांच हैतु अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरजीत सिंह के नेतृत्व में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा, गमगीन माहोल में ग्राम गोरधनपुरा में शव का अंतिम संस्कार हुआ।

### राशन दुकानों का औचक निरीक्षण

**मांगरोल ।** गिवअप अभियान के तहत रसद विभाग के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को मांगरोल ब्लाक की राशन दुकानों का औचक निरीक्षण कर उचितमूल्य दुकानदारो को दिशा निर्देश देकर ज्यादा से ज्यादा अपात्र उपभोक्ता ओ का सर्वे कर इस अभियान मैं सहयोग करने की बात कही गयी। विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक रविन्द्र मीणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बोहत, भटवाड़ा,ईश्वरपुरा सहित कई गांवों मैं उचितमूल्य दुकानदारों को बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के द्वारा चलाये जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जिन उपभोक्ताओ की पारिवारिक सालाना एक लाख रुपए से अधिक या फिर कोई सदस्य सरकारी सेवा,व आयकर दाता हो,या फिर चार पहिया वाहन,,(ट्रेक्टर या व्यवसायिक वाहन को छोड़कर )ऐसे व्यक्ति खाद्य सुरक्षा का लाभ नही ले सकते है। ऐसे उपभोक्ता ओ को प्रेरित कर 31 मई तक स्व प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा से नाम हटाने के लिए प्रेरित किया जावे। इसके बाद ऐसे अपात्र लोगो की जांच कर आगे विभाग नियमानुसार कार्यवाही करेगा।

### ड्रोन संचालन पर प्रतिबंध

**कोटा।** कोटा जिले में संवेदनशील एवं सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत कोटा शहर में स्थित आर्मी एरिया, थर्मल पावर स्टेशन, एयरपोर्ट, कोटा बैराज, डीसीएम तथा कोटा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), गोयल प्रोटीन (थाना मंडाना), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ऑयल डिपो बृजेशपुरा (थाना कैथून), चंबल फर्टीलाइज़र केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) गढ़ मान (थाना सीमलिया), नवनेरा डैम (थाना बूढ़ादीत), मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोडक (थाना मोडक) एवं इनके आसपास 50 मीटर की परिधि को ड्रोन संचालन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।